दिनांक 13.07.2018

स्वच्छ भारत अभियान **स्वच्छ एवं सुदर भिलाई**

भिलाईनगर/ नगर पालिक निगम, भिलाई के आयुक्त श्री के0एल0 चौहान के आदेशानुसार निगम क्षेत्र में नाली के ऊपर किए गए अवैध कब्जा हटाए जाने के संबंध में जोन आयुक्तों को स्पष्ट दिशा निर्देश दिया गया था कि निगम जनदर्शन, आयुक्त कार्यालय, जोन कार्यालय या अन्य माध्यमों से प्राप्त शिकायत आवेदन पत्र पर मौके का निरीक्षण कर तत्काल कार्यवाही सुनिश्चत करें तथा की गई कार्यवाही से मुझे अवगत करावें।

निगम आयुक्त श्री चौहान के निर्देशानुसार जोन–01 नेहरू नगर कार्यालय के अंतर्गत बाढ़ आपदा प्रबंधन में कार्य में उपस्थित सफाई मित्रों के द्वारा जोन कार्यालय के सामने मुख्य मार्ग, सूर्यामाल चौक, अपोलो हॉस्पिटल रोड़, जुनवानी चौक एवं बाजार स्थल, नेहरू नगर मुख्य मार्ग, स्मृति नगर, साप्ताहिक सब्जी बाजार, सुपेला कोहका रोड़ रतन पशुआहार शंकर पारा से दुर्गा मंदिर के सामने कपड़ा लाईन की नाली, ईस्लाम नगर, श्रमिक बस्ती, कॉन्ट्रेक्टर कॉलोनी, सुपेला चौक से राजेन्द्र प्रसाद चौक मुख्य मार्ग में राजस्व अमला एवं स्वास्थ्य अमला के द्वारा नालियों के ऊपर अतिक्रमण कर कच्चे–पक्के स्लैब निर्माण कर अतिक्रमण को भी हटाया गया और पानी निकासी की व्यवस्था की गई।

निगम आयुक्त जनदर्शन में नागरिकों के द्वारा शिकायत आवेदन प्रस्तुत किया गया था। उक्त आवेदन पर सिन्हा नर्सिंग होम के पीछे सड़क में नाली के ऊपर स्लैब निर्माण कर आवागमन में बाधा तथा नाली जाम की शिकायत की गई थी। जिसे आज स्वास्थ्य एवं राजस्व अमला के द्वारा हटाया गया तथा नाली में पानी निकासी की व्यवस्था की गई।

जन सम्पर्क अधिकारी